## Regarding construction of Roads in Ratlam Parliamentary Constituency

**श्रीमती अनिता नागरसिंह चौहान (रतलाम) :** सभापति जी, पूर्व प्रधान मंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना बनाई गई थी, जिसके माध्यम से एक गांव दूसरे गांव से जोड़ा गया । मेरे संसदीय क्षेत्र रतलाम झबुआ अलीराजपुर में लोग फलिया में रहते हैं, जहां रोड नहीं है । जहां सड़कें नहीं होती हैं, वहां किसी प्रकार की व्यवस्था पहुंचाना आसान नहीं होता । मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन करती हूँ कि जिस तरह से प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना बनाई गई थी, उसी प्रकार प्रधान मंत्री फलिया सड़क योजना बनाई जाए । धन्यवाद ।